4:1-10

परीक्षाएं और उत्तरदायित्व

जब हम बाइबल में कलीसिया की स्थापना और सुसमाचार के प्रसार के विषय में पढ़ते हैं, तो हम उत्साहित हुए बिना नहीं रह सकते। जिस प्रकार पानी से पृथ्वी भरी हुई है यदि संसार भी सुसमाचार से भर जाए तो क्या होगा हम जैसे ही यह परिकल्पना करते हैं तो हमारी कल्पनाएं उड़ान भरने लगती हैं। हालाँकि, जैसे ही हम प्रारम्भिक मसीहियों के सताए जाने और यहाँ तक कि उन लोगों के विश्वास का त्याग करने के विषय में भी पढ़ते हैं जिन्होंने कभी मसीह का अनुसरण किया था, तो हम वास्तविकता पर वापस चले आते हैं। हमें स्मरण आता है कि जब आत्माएं बचाई जाती हैं और कलीसिया उन्नति करती है तो शैतान क्रोधित हो जाता है। उसका उद्देश्य कलीसिया का नाश करना और सुसमाचार के संदेश को चुप कराना है। वह इसे कलीसिया के बाहर, सताव के द्वारा करता है। वह इसे कलीसिया के झूठे शिक्षकों के माध्यम से भी करता है। बाद का तरीका प्रायः कलीसिया और सुसमाचार को हानि पहुंचाने में अधिक प्रभावी सिद्ध होता है।

यीशु और प्रेरितों ने झूठे भविष्यद्वक्ताओं (शिक्षकों) और उनके परिणामस्वरूप बहक जाने (विश्वास का त्याग) के विषय में चेतावनी दी। मसीह ने चिताया, "झूठे भविष्यद्वक्ताओं से सावधान रहो, जो भेड़ों के भेस में तुम्हारे पास आते हैं, परन्तु अन्तर में वे फाड़नेवाले भेड़िए हैं" (मत्ती 7:15)। उसने उन्हें पहले से ही बता दिया कि, "तब बहुत से ठोकर खाएँगे . . . झूठे भविष्यद्वक्ता उठ खड़े होंगे, और बड़े चिन्ह, और अद्भुत काम दिखाएँगे कि यदि हो सके तो चुने हुओं को भी भरमा दें" (मत्ती 24:10, 24)। पतरस ने अपने पाठकों को बताया कि उनके बीच में ऐसे झूठे शिक्षक होंगे "जो नाश करनेवाले पाखण्ड का उद्घाटन छिप छिपकर करेंगे" (2 पतरस 2:1)। पौलुस ने एक आने वाले "विश्वास त्याग" के विषय में लिखा (2 थिस्स. 2:3) और इफिसुस में कलीसिया के पुरनियों को बताया कि "तुम्हारे ही बीच में से भी ऐसे-ऐसे मनुष्य उठेंगे, जो चेलों को अपने पीछे खींच लेने को टेढ़ी-मेढ़ी बातें कहेंगे" (प्रेरितों 20:30)। 2 तीमुथियुस में, उसने लिखा,

> क्योंकि ऐसा समय आएगा जब लोग खरा उपदेश न सह सकेंगे, पर कानों की खुजली के कारण अपनी अभिलाषाओं के अनुसार अपने लिये बहुत से उपदेशक बटोर लेंगे, और अपने कान सत्य से फेरकर कथा-कहानियों पर लगाएँगे (2 तीमुथियुस 4:3, 4)।

पहला तीमुथियुस 4 विश्वास त्याग करने के ऊपर पौलुस के अधिक प्रभावी लेखों में से एक है (4:1-5)। पिछला अध्याय महिमामय अनुच्छेद के साथ समाप्त हुआ: 3:16. हम उस आयत की धूप में बने रहना चाहते हैं; परन्तु हमें यह स्वीकार करना होगा कि, वहाँ आत्मा-गर्म करने वाला प्रकाश तो है, वहाँ आत्मा-जमा देने वाला अंधकार भी है। हमें केवल "भक्ति के भेद" के विषय में ही नहीं सीखना चाहिए (3:16), बल्कि हमें "अभक्ति के भेद" का सामना भी करना चाहिए - जिसे पौलुस ने 2 थिस्सलुनीकियों 2:7 में "अधर्म का भेद" कहा है।

"आगे अंधकार के दिन आने वाले हैं" (4:1-5)

पौलुस ने तीमुथियुस को सावधानीपूर्वक सूचित किया कि जब उसे झूठी शिक्षा का सामना करना पड़े तो उसे क्या करना है (4:6-10)। कलीसिया के समस्त इतिहास में, सदैव अंधकार के दिन रहे और सदैव रहेंगे। पौलुस ने उन दिनों के विषय में 4:1-5 में बात की।

भविष्यद्वाणी (4:1)

[1]परन्तु आत्मा स्पष्टता से कहता है कि आने वाले समयों में कितने लोग भरमाने वाली आत्माओं, और दुष्टात्माओं की शिक्षाओं पर मन लगाकर विश्वास से बहक जाएँगे।

आयत 1. अध्याय विशेषणात्मक संयोजन **परन्तु** (δέ, *दे)* के साथ आरम्भ होता है। यह संकेत करता है कि अध्याय 4 का पहला भाग अध्याय 3 के अन्तिम भाग से सम्बन्धित है, और पौलुस एक अन्तर करने वाला था। यह अन्तर 3:16 की अद्‌भुत सच्चाइयों और झूठे शिक्षकों के उलट-फेर के सिद्धांतों के बीच है।

अंधकार के दिनों के विषय का परिचय इन शब्दों से दिया जाता है: **आत्मा स्पष्टता से कहता है।** यह पौलुस का निजी निष्कर्ष नहीं था, बल्कि आत्मा की ओर से प्रकाशन था। "स्पष्टता से" ῥητῶς *(रहेतोस)* से है, उसकी पहचान करना जो "सटीकता से" वैसा ही है।[1] हम इस के विषय में सुनिश्चित नहीं हो सकते कि जब पौलुस ने यह लिखा तो उसके मन में क्या था, ". . . आत्मा . . . कहता है।" शायद वह यीशु और अन्य लोगों के द्वारा की गई आत्मा से प्रेरित भविष्यद्वाणियों के विषय में सोच रहा था। हो सकता है वह आत्मा की ओर से दिए गए एक विशिष्ट प्रकाशन को स्मरण कर रहा था। इसे जब भी दिया गया हो, पवित्रात्मा ने इस विषय पर कोई भी प्रश्न नहीं छोड़ा: कितने लोग विश्वास से बहक *जाएँगे।*

विश्वास त्याग कब होगा? आत्मा ने कहा **आने वाले समयों में** कितने लोग बहक जाएँगे। यूनानी शब्द जिसका अनुवाद "बाद में" (ὕστερος, *हुसतेरोस)* है उसका अर्थ "उत्तरार्द्ध" (NKJV) या "बाद में" (NASB) हो सकता है।[2] वाक्यांश "आने वाले समयों में" मसीही काल से जुड़ा हुआ है।[3] "आने वाले समय" हमें उस बात के विषय में सोचने के लिए विवश करते हैं जो वर्तमान में नहीं हो रही

परन्तु भविष्य - शायद दूर भविष्य में घटित होगी।[4]

मैं जैसे-जैसे बड़ा हो रहा था, मैंने 4:1-5 के विषय में जो अनुप्रयोग सुना ये वह विश्वास त्याग था जिसका असर कैथोलिक कलीसिया में हुआ था। इसके लिए या किसी अन्य बहक जाने के लिए इसे अनुप्रयोग किया जा सकता है, परन्तु पौलुस ने एक और तत्काल समस्या देखी। यद्यपि उसने आयत 1 में भविष्य काल के साथ आरम्भ किया ("कुछ विश्वास से बहक जाएंगे"), वह आयत 3 में ("जो विवाह करने से रोकेंगे") वर्तमान काल पर आ गया।[5] जब पौलुस ने तीमुथियुस को अपने दूसरे पत्र में विश्वास त्याग का उल्लेख किया, तो उसने वहाँ भी वर्तमान काल का उपयोग किया: "इन्हीं में से वे लोग हैं जो . . ." (2 तीमु. 3:6)।

भाषा यह संकेत दे सकती है कि भविष्य में स्थिति और भी बदतर हो जाएगी, परन्तु पौलुस को दबाने वाली चिंता वे झूठे शिक्षक थे जो इफिसुस में पहले से उपस्थित थे। आर्किबाल्ड थॉमस रॉबर्टसन ने सुझाव दिया कि आत्मा की भविष्यवाणी "अब सच हो रही है," कि पौलुस के मन में "एक वर्तमान खतरा" था।[6] कलीसिया की स्थापना से लेकर, सदैव ऐसे व्यक्ति हुए हैं जो विश्वास से बहक जाते हैं। यह भूतकाल में सत्य था; यह वर्तमान में सत्य है; यह भविष्य में भी सत्य रहेगा। विश्वास त्याग *सदैव* "एक वर्तमान खतरा रहा है।"

आत्मा की भविष्यवाणी क्या थी? **कितने विश्वास से बहक जाएंगे।** अनुवादित शब्द "से बहक जाएंगे" ἀποστήσονταί *(अपोस्तेसोंटाई)* से है। यह ἀφίστημι *(एपिस्टेमी)* का भविष्य काल है, जिसका अर्थ है "विश्वास त्यागना"[7] (CJB) या "त्यागना।" *एपिस्टेमी* ἀπό (*एपो*, "से दूर") और ἵστημι (*हिस्टेमी*, "खड़े रहना," शाब्दिक तौर पर, "से दूर खड़े रहना") का मिश्रण है।[8] *अपोस्तेसोंटाई* मध्यम स्वर में है; यह कार्य कुछ ऐसा था जो विश्वास त्याग करने वाले स्वयं के साथ करते थे, न कि कुछ ऐसा जो उनके साथ किया गया था।

"विश्वास" यीशु में केंद्रित शिक्षा का भाग है। "गिरने के लिए," वहाँ पर कोई वस्तु होगी जिसके ऊपर से गिरना पड़ेगा। हमने 3:16 में "विश्वास" की कुछ विशेषताओं पर ध्यान दिया। हालाँकि, जैसा कि हम देखेंगे, शिक्षा के भाग में भोजन और विवाह के रूप में इस तरह के पृथ्वी-संबंधी मामलों के बारे में निर्देश भी सम्मिलित थे। शिक्षा के इस भाग को हम "मसीह का नया नियम" कहते हैं। नए नियम में मौलिक सच्चाइयों से दूर चले जाना किसी के विश्वास के सम्बन्ध में "जहाज का डूबना" है (देखें 1:19, 20)।

यह कैसे होगा? उसकी भविष्यवाणी में, आत्मा ने कई कारकों का उल्लेख किया जो उनके विश्वास का त्याग करने में योगदान देंगे।

सबसे पहले एक *दुखद ध्यान का भटकना था*: जो लोग बहक गए थे उन्होंने झूठी शिक्षा पर **मन लगाना** आरम्भ कर दिया था। "मन लगाना" προσέχω *(प्रोसेको)* से है,[9] जो, जैसा कि इस आयत में प्रयोग किया गया है, "किसी का स्वयं को किसी के साथ . . . किसी को समर्पित करना" है।[10] पिछले अध्याय में इस शब्द का अनुवाद "पियक्कड़" के रूप में किया गया था (3:8)। जो लोग बहक गए वे झूठे शिक्षकों के कल्पनात्मक सिद्धान्तों के द्वारा आकर्षित हो गए थे। वे

सुसमाचार के सामान्य सत्यों से भटक गए थे (देखें 2 कुरि. 11:3)। हमें एक छोटा बालक स्मरण आता है जिसका ध्यान आसानी से भटक जाता है। शायद उसकी माता बुद्धि के शब्द कह रही होगी, परन्तु उसका ध्यान तितली की संवेगी उड़ान से भटक सकता है।

दूसरा *जानबूझकर धोखा* खाना था। जो विश्वास से भटक गए उन्होंने **भरमाने वाली** [πλάνος, *प्लानोस]* **आत्माओं पर मन लगाया था**। अगली आयत में झूठे शिक्षकों का वर्णन किया गया है, परन्तु उनके पीछे "भरमाने वाली आत्माएं" और "दुष्टात्माएं" थीं। इफिसुस में मसीहियों को लिखे पौलुस के पहले पत्र में, उसने टिप्पणी की, "क्योंकि हमारा यह मल्लयुद्ध लहू और मांस से नहीं . . . उस दुष्टता की आत्मिक सेनाओं से है जो आकाश में हैं" (इफि. 6:12)। ये "आत्माएं" और "दुष्टात्माएं" हमारे प्रधान शत्रु, शैतान की प्रतिनिधि हैं। उन्हें कभी-कभी शैतान के "दूत" (या "दूत") कहा जाता है (देखें प्रका. 12:9)।

शैतान परखने वाला है (देखें 1 कुरि. 7:5)। शैतान हमें परखने के लिए, भरमाता और प्रलोभन[11] देता है। वह सच्चाई को कल्पना की तरह दिखाता है और सदगुण को पुराना और संकीर्ण-मन वाला प्रकट करता है। उसकी रणनीति समय के जितनी ही पुरानी है (उत्पत्ति 3:1-6; देखें 1 यूहन्ना 2:16), परन्तु उन्होंने पहली सदी में अपना उद्देश्य प्राप्त किया और वे आज भी प्रभावी हैं।

तीसरा कारक *दुष्टात्माओं की शिक्षाएं* था: धोखा खाकर, विश्वास का त्याग करने वालों ने **दुष्टात्माओं की शिक्षाओं**[12] पर मन लगाना आरम्भ कर दिया। "शिक्षाएं" (διδασκαλία, *दिदास्कालिया* से) का अर्थ "उपदेश" हैं। "डीमन [दुष्टात्माएं]" यूनानी शब्द δαίμων *(डैमोन)* का लिप्यन्तरण हैं। कभी-कभी त्रुटि हमारे लिए अपरिहार्य प्रतीत होती है, शायद यहाँ तक कि यह हानि रहित भी प्रतीत होती है, परन्तु इसने पौलुस को गहराई से परेशान किया। यह केवल त्रुटिपूर्ण शिक्षा ही नहीं है; यह *दुष्टात्माओं की शिक्षा* है![13] अब्राहम ने "अनजाने में स्वर्गदूतों का अतिथि-सत्कार किया था" (इब्रा. 13:2; KJV; देखें उत्पत्ति 18:1-8)। जो लोग धार्मिक त्रुटियों को गले लगाते हैं वे अनजाने में दुष्टात्माओं का अतिथि-सत्कार करते हैं।[14]

शैतान त्रुटि को बेहद आकर्षक बना सकता है। जो लोग आसानी से थक जाते हैं, उन्हें वह एक "आसान" तरीका प्रदान करता है। असंयमी के लिए, वह तत्काल पुरस्कार प्रदान करता है। लोगों से प्रभावित होने वालों के लिए, वह "विद्वत्तापूर्ण" घोषणाएं प्रदान करता है। प्रतिष्ठा की खोज करने वालों के लिए, वह केवल कुछ चुनिंदा लोगों को प्राप्त "सूचनाएं" प्रदान करता है। किसी भी रूप में वह ग़लत शिक्षाओं को प्रस्तुत करता है, वे "दुष्टात्माओं की शिक्षाओं" बनी रहती हैं - उन्हें व्यावहारिक बनाने के लिए पर्याप्त सत्य के साथ शिक्षाएं, परन्तु विश्वासियों को नरक में भेजने के लिए पर्याप्त झूठ।

झूठे मनुष्य (4:2)

[2]यह उन झूठे मनुष्यों के कपट के कारण होगा, जिनका विवेक मानो जलते हुए लोहे से दागा गया है।

आयत 2. यह हमें उन लोगों के पास लाता है जिन्हें दुष्टात्माएं अपनी गलत शिक्षाओं को फैलाने के लिए उपयोग करती हैं। आयत 2 **के कारण** शब्दों के साथ आरम्भ होती है। NIV में "उनके माध्यम से ऐसी शिक्षाएं आती हैं," है इसके बाद झूठे शिक्षकों का वर्णन करती है। त्रुटि दुष्टात्माओं *से* आ सकती है, परन्तु यह मनुष्यों के माध्यम से आती है।[15] इस आयत में इन झूठे शिक्षकों की कई विशेषताओं की सूची है।

वर्णित पहली विशेषता **ढोंग** है, ὑπόκρισις *(हुपोक्रिसिस)* का एक लिप्यंतरण। पहली शताब्दी में, इस शब्द को मंच पर भूमिकाएँ निभाने वाले कलाकारों पर लागू किया जाता था।[16] शब्द "एक सार्वजनिक प्रभाव जो कि किसी के वास्तविक उद्देश्यों या प्रेरणाओं के विपरीत है" उसकी रचना करने का भाव प्रदान करता है।[17] एक ढोंगी एक बात का *ढोंग करता* है परन्तु दूसरी बात की मंशा रखता है। झूठे शिक्षकों ने ज्ञान लाने का नाटक किया, परन्तु उनकी मंशा "व्यवस्था के शिक्षकों" (1:7), और, वे जिन्हें, अच्छा वेतन मिलता था उनके रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त करना था (देखें 6:5)।

दूसरी विशेषता पहली का परिणाम है: वे **झूठे** थे। "झूठे" ψευδολόγος *(सूडोलोगोस)* से है, उन लोगों के लिए एक उपाधि जो "झूठ बोलते हैं।" शब्द ψευδής (*सुडेस,* "झूठे") और λόγος (*लोगोस,* "वचन") है।[18] झूठे शिक्षक यह दावा करते थे कि वे परमेश्वर की ओर से बोल रहे थे। उन्होंने यह दावा भी किया होगा कि उन्हें विशेष प्रकाशन प्राप्त हुए थे, जबकि उनकी शिक्षा झूठ के सिवाय कुछ और नहीं थी। शैतान "सब झूठों का पिता" है (यूहन्ना 8:44), और ये उसकी "सन्तान" थे।

उनके साथ ये झूठे ढोंगी किस प्रकार रह सकते थे? क्योंकि उनके **विवेक मानो जलते हुए लोहे से दागे गए थे।** हमने "विवेक" का सामना पहले भी किया है (1:5, 19; 3:9) - वह जन्मजात अन्तर जागरूकता कि कुछ बातें सही हैं और कुछ गलत हैं। परमेश्वर के द्वारा दिया गया निवारक झूठे शिक्षकों में बेकार हो चुका था: वह मानो जलते हुए लोहे से दागा गया था।

पौलुस के दिनों में स्वामित्व का संकेत करने के लिए पशुओं और दासों पर छाप की जाती थी, जिस प्रकार अमेरिका के ओल्ड वेस्ट में पशुओं पर छाप लगाई जाती थी। हममें से कुछ लोगों ने यह निष्कर्ष निकाला होगा कि झूठे शिक्षकों पर शैतान की सम्पत्ति होने की छाप लगी हुई थी। NEB में "शैतान की मुहर लगाई गई" है अधिक सम्भव है, कि गर्म-गर्म लाल लोहे को त्वचा पर रखने पर बल दिया गया है।[19] शब्द "मानो जलते हुए लोहे से दागा गया" καυστηριάζω *(कौस्तेरीआज़ो)* से हैं। यूनानी शब्द अंग्रेजी के शब्द "कॉटराइज़" (दागना) के पीछे

खड़ा है। यह ऐसा था मानो त्रुटिपूर्ण शिक्षकों के विवेक को दागा गया था।

उलट-फेर (4:3-5)

[3]जो विवाह करने से रोकेंगे, और भोजन की कुछ वस्तुओं से परे रहने की आज्ञा देंगे, जिन्हें परमेश्वर ने इसलिये सृजा कि विश्वासी और सत्य के पहिचाननेवाले उन्हें धन्यवाद के साथ खाएँ। [4]क्योंकि परमेश्वर की सृजी हुई हर एक वस्तु अच्छी है, और कोई वस्तु अस्वीकार करने के योग्य नहीं; पर यह कि धन्यवाद के साथ खाई जाए, [5]क्योंकि परमेश्वर के वचन और प्रार्थना के द्वारा शुद्ध हो जाती है।

उनके झूठ क्या थे? हमने पहले से ही झूठे शिक्षकों द्वारा दिए गई विभिन्न झूठी शिक्षाओं पर ध्यान दिया है। 4:3-5 में, पौलुस ने विवाह और भोजन के सम्बन्ध में अपनी बात को चित्रित करने के लिए दो शिक्षाओं का उल्लेख किया। उसने अपना अधिकांश समय दूसरी पर बिताया। पहली दृष्टि में, ये विषय अपेक्षाकृत महत्वहीन प्रतीत हो सकते हैं, परन्तु वे मानव शरीर की मूल भूख से सम्बन्धित हैं।[20]

दोनों शिक्षाएं इस गलत धारणा के साथ जुड़ती प्रतीत होती हैं कि भौतिक संसार बुरा था, जो नोस्टिक (आत्मज्ञानी) ढोंग का एक केंद्रीय विश्वास था। यह भी सम्भव है कि चरम यहूदी विचार की छवि दिखाई पड़ती है। यहूदी संप्रदाय, एसेनिस, ने विवाह को निरुत्साहित किया।[21] इसके अलावा, मूसा के व्यवस्था के अधीन, यहूदियों को कुछ भोजन वस्तुएं खाने के लिए मना किया गया था (लैव्य. 11)। इसका मूल कुछ भी रहा हो, ये शिक्षाएं नए नियम के सिद्धांत के विपरीत थीं।

आयत 3. पौलुस ने पहले कहा था कि ये शिक्षक ही वे थे **जो विवाह करने से रोकेंगे**। कुंवारे रहने में कुछ भी गलत नहीं है[22] (देखें मत्ती 19:10-12; 1 कुरिन्थियों 7:7-9, 26, 32, 33)। हालाँकि, विवाह से मना करना गलत है। जिस बात के लिए परमेश्वर ने मना किया है उसे अनुमति देना गलत है; परमेश्वर ने जो अनुमति दी है उससे मना करना भी गलत है। परमेश्वर के नियमों को अनदेखा करना पापपूर्ण है, परन्तु वहाँ पर नियम बनाना भी गलत है जहाँ परमेश्वर ने नहीं बनाए।

बाइबल के पहले से लेकर आखिरी तक, विवाह को "एक आदरणीय अवस्था" के रूप में ऊँचा किया गया है। बाइबल के पहले, हमें बताया गया है कि परमेश्वर ने देखा कि "मनुष्य के लिए अकेला रहना अच्छा नहीं" (उत्पत्ति 2:18)। इसलिए उसने हव्वा को बनाया, उसे आदम के पास लाया, और दम्पत्ति से कहा, "फूलो-फलो, और पृथ्वी में भर जाओ" (उत्पत्ति 1:28)। बाइबल के अन्त में, स्वर्ग में मसीह के साथ हमारे पुनर्मिलाप को "मेमने का विवाह भोज" कहा गया है (प्रका. 19:9)।

इन शब्दों के मध्य में, बहुत से अन्य अनुच्छेद यह स्पष्ट करते हैं कि विवाह परमेश्वर को स्वीकार्य है। इब्रानियों 13:4 में, हम पढ़ते हैं, "विवाह सब में आदर की बात समझी जाए, और विवाह-बिछौना निष्कलंक रहे।" मसीह के साथ हमारे सम्बन्ध की एक प्रेमपूर्ण विवाह से तुलना की गई है (इफि. 5:22-33)। अध्यक्षों और डीकन के लिए आवश्यक बातों में से एक यह थी कि वह एक पत्नी का पति हो (3:2, 12)।

आयत 3 प्रायः पादरियों और ननों के लिए अनिवार्य कुंवारेपन के कैथोलिक सिद्धांत पर लागू होती है। 300 ईस्वीं के समान प्रारम्भिक समय में यूरोप और अफ्रीका में हुई विभिन्न महासभाओं में कलीसिया के अगुवों में कुंवारेपन को प्रोत्साहित किया गया। पाँचवीं शताब्दी तक, कुंवारे जीवन "पश्चिम में आम तौर पर एक कर्तव्य था।" ग्यारहवीं और बारहवीं सदी में रोमन कैथोलिक कलीसिया के पोप के सुधारों तक, मध्य युग के दौरान कई पुरोहितों द्वारा इस कर्तव्य को काफी सीमा तक नजरअंदाज कर दिया गया था। 1563 में, ट्रेंट काउंसिल ने कुंवारेपन की परंपरा की फिर से पुष्टि की।[23]

हालाँकि, विवाहित स्थिति की तुलना में कुंवारेपन की स्थिति पवित्र है, इस पर एक शिक्षा को ढूँढने के लिए बाद की शताब्दियों में जाना अनावश्यक है। यह पहले से ही पौलुस के समय में उभरते हुए नोस्टिक दर्शनशास्त्र का भाग था। इरेनियस, ने दूसरी शताब्दी के अन्त में लिखते हुए, एक नोस्टिक शिक्षक के अनुयायियों को संदर्भित किया जिन्होंने घोषणा की थी कि "विवाह और वंश [यौन सम्बन्धों में भाग लेना और बच्चों पैदा करना] शैतान की ओर से हैं।"[24] यह सोच नोस्टिक्सवाद की शाखा से आई थी जो एक अप्राकृतिक वैराग्य की शिक्षा देते थे: यह विचार कि एक व्यक्ति को शरीर और सुख की सभी वस्तुओं का इनकार कर देना चाहिए। तेर्तुलियन, जिसे उनकी वैरागी प्रवृत्तियों के लिए स्मरण किया जाता है, ने उन पुरुषों और महिलाओं की प्रशंसा की, जो "ईश्वर से विवाह करना पसंद करते थे," "वे अपने शरीर के सम्मान को बहाल करते थे" और "स्वयं को उस काल (भविष्य) के पुत्रों के रूप में समर्पित करते थे।"[25]

पौलुस ने लिखा कि "परमेश्वर की सृजी हुई हर एक वस्तु अच्छी है" 4:4 में इसे विशेष तौर पर भोजन के लिए कहा गया था, परन्तु यह विवाह पर लागू होती है। परमेश्वर ने स्वयं विवाह, यौन सम्बन्ध, और बच्चों को जन्म देने को सृजा। उत्पत्ति 1:31 में, 'तब परमेश्वर ने जो कुछ बनाया था सब को देखा, तो क्या देखा, कि वह बहुत ही अच्छा है। जिसे परमेश्वर ने "अच्छा" कहा है, उसे कोई मनुष्य "बुरा" न कहे।

इसके बाद झूठे शिक्षक **पक्ष[26] में थे कि भोजन की कुछ वस्तुओं से परे रहें**।[27] "परे रहना" ἀπέχω *(अपेको)* से अनुवाद किया गया है, जिसका इस सन्दर्भ में अर्थ, "परहेज करना" है।[28] स्वास्थ्य कारणों से या यहाँ तक कि व्यक्तिगत पसंद के कारण भी कुछ भोजन वस्तुओं से दूर रहने में कुछ भी गलत नहीं है। हालाँकि, यह कहना गलत है कि सभी मसीहियों को अपने आहार से कुछ भोजन वस्तुओं को हटाना चाहिए।

जैसे ही नूह ने जहाज को छोड़ा, परमेश्वर ने उससे कहा, सब चलनेवाले जन्तु तुम्हारा आहार होंगे (उत्पत्ति 9:3)। प्रेरितों 10:9-16 में, पतरस को सभी प्रकार के चौपाए पशुओं और आकाश के पक्षियों से भरी हुई एक चादर का दर्शन आया। एक वाणी ने उससे कह, "हे पतरस, उठ, मार और खा!" पतरस जो अपने जीवन भर यहूदियों के आहार प्रतिबन्ध के अनुसार जिया था, उसने उत्तर दिया, "नहीं प्रभु, कदापि नहीं; क्योंकि मैं ने कभी कोई अपवित्र या अशुद्ध वस्तु नहीं खाई है।" फिर दूसरी बार उसे शब्द सुनाई दिया, "जो कुछ परमेश्वर ने शुद्ध ठहराया है, उसे तू अशुद्ध मत कह।"[29]

मेरे बचपन में, 4:3-5 कैथोलिकवाद के "शाकाहारी शुक्रवार" पर लागू होता था। पब्लिक स्कूल कैफेटेरिया में, हमें आमतौर पर शुक्रवार को खाने के लिए मछली या मैकरोनी और पनीर दिया जाता था। फिर भी, हालाँकि, यह त्रुटि पौलुस के दिनों में पहले से ही सिखाई जा रही थी। हमें कुलुस्से को लिखे पौलुस के पत्र में इसकी एक झलक मिलती है (कुलुस्से इफिसुस से लगभग 120 मील दूर था): "जब कि तुम मसीह के साथ संसार की आदि शिक्षा की ओर से मर गए हो, तो फिर क्यों उनके समान जो संसार के हैं जीवन बिताते हो? तुम ऐसी विधियों के वश में क्यों रहते हो कि 'यह न छूना,' 'उसे न चखना,' और 'उसे हाथ न लगाना'? (ये सब वस्तुएँ काम में लाते-लाते नष्ट हो जाएँगी) क्योंकि ये मनुष्यों की आज्ञाओं और शिक्षाओं के अनुसार हैं" (कुलु. 2:20-22)।

कुलुस्से और इफिसुस के मसीही यह जानते होंगे कि किन विशेष भोजन वस्तुओं को मना किया गया था, परन्तु हम नहीं जानते। चूंकि आदेश, मांस से परे रहने के सिद्धांत पर आधारित था, तो मेरे विचार से यह उस प्रत्येक भोजन वस्तु पर लागू हुआ होगा जिसका आनन्द वे लेते थे। जिस भी वस्तु को प्रतिबंधित किया जा रहा था, उनके विषय में पौलुस ने कहा **जिन्हें परमेश्वर ने इसलिये सृजा कि विश्वासी और सत्य के पहिचाननेवाले उन्हें धन्यवाद के साथ खाएँ।** भोजन परमेश्वर की ओर से एक भेंट है और इसका आनन्द इसी प्रकार लेना चाहिए।

आइए हम फिर से 4:3 में शब्दों को देखें, वे हमें बताते हैं कि परमेश्वर के उपहारों को किस प्रकार ग्रहण करना है:

सचेत होकर: हमें इस तथ्य के विषय में जागरूक होना चाहिए कि "परमेश्वर ने उन्हें सृजा है।" वे उसके हाथों से आती हैं। "क्योंकि हर एक अच्छा वरदान और हर एक उत्तम दान ऊपर ही से है" (याकूब 1:17)।

धन्यवाद के साथ: "धन्यवाद के साथ खाएं।" "धन्यवाद के साथ" εὐχαριστία *(युकारिसितिया)*; 2:1 में शब्द के एक बहुवचन रूप का अनुवाद "धन्यवाद" में किया गया था। पौलुस ने अन्य स्थानों पर लिखा, "हर बात में धन्यवाद करो; क्योंकि तुम्हारे लिये मसीह यीशु में परमेश्वर की यही इच्छा है" (1 थिस्सलुनीकियों 5:18)।

निःस्वार्थ भाव के साथ: "बाँटने लिए।" "बांटा गया" μετάλημψις (*मेटलमेम्प्सिस*, "के साथ भागी बनना") - μετά (*मेटा*, "साथ") के साथ जोड़े

गए λαμβάνω (*लम्बानो,* "लेना" या "प्राप्त करना") का एक अनुवाद है।[30] 1 तीमुथियुस में बाद में, जिन लोगों को परमेश्वर के द्वारा आशीष दी गई है उन्हें निर्देश दिए गए हैं "और उदार और सहायता देने में तत्पर हों" (6:18)।

समझ के साथ: "उनके द्वारा जो सत्य को जानते हैं।" "जानना" ἐπιγινώσκω *(एपिजिनोसको)* से है, जो है γινώσκω (*जिनोसको,* "जानना") जिसे ἐπί (*एपि,* "ऊपर")[31] के द्वारा बल दिया गया है। इसका अर्थ है "एकदम, पूरी तरह से, भीतर तक जानना।"[32] "सत्य *जानना"* पूरी तरह से महत्वपूर्ण है;[33] यह और भी आवश्यक है कि हम *"विश्वास"* करें और उस सच्चाई पर कार्य करें।

आयत 4. पौलुस ने आगे कहा, **क्योंकि परमेश्वर की सृजी हुई हर एक वस्तु अच्छी है, और कोई वस्तु अस्वीकार करने के योग्य नहीं; पर यह कि धन्यवाद के साथ खाई जाए।** इस आयत में "परमेश्वर की हर एक सृजी हुई वस्तु" में सभी भोजन वस्तुएं सम्मिलित हैं। इसकी पिछली आयत में, पौलुस ने कह परमेश्वर ने भोजन वस्तुओं को "सृजा" (क्रिया κτίζω, *क्तिज़ो);* इस आयत में उसने उसके विषय में कहा जिसे परमेश्वर ने सृजा है (संज्ञा κτίσμα, *क्तिस्मा)*[34] - जो कि भोजन है। इस आयत में; कुछ भोजन वस्तुओं, के विषय में उसने परहेज के कारण कहा: उन भोजन वस्तुओं को अस्वीकार[35] करने के कारण। दोनों आयतों में, पौलुस ने धन्यवाद *(युकारिसितिया)* की आवश्यकता को रेखांकित किया।

निस्संदेह, यह कथन कि "परमेश्वर के द्वारा सृजी गई हर एक वस्तु अच्छी है" यह एक सामान्य सत्य है। आदि में, परमेश्वर ने जैसे ही सब वस्तुओं को बनाया, बार-बार यह कहा गया कि उसने "देखा कि वह अच्छा था" (उत्पत्ति 1:10, 12, 18, 21, 25)। जब उसने कार्य समाप्त किया, "तब परमेश्वर ने जो कुछ बनाया था सब को देखा, तो क्या देखा, कि वह बहुत ही अच्छा है" (उत्पत्ति 1:31)। दुर्भाग्यवश, कुछ लोग इस सामान्य सत्य का दुरुपयोग यह दावा करने के लिए करते हैं कि इस संसार में कोई भी और सबकुछ "अच्छा" है।[36] दो तथ्यों को ध्यान में रखा जाना चाहिए: (1) जैसा कि परमेश्वर द्वारा सृजा गया था, सबकुछ अच्छा था, परन्तु शीघ्र ही संसार में पाप ने प्रवेश किया और परमेश्वर की मूल सृष्टि को दूषित कर दिया (उत्पत्ति 3:16-19)। (2) परमेश्वर के द्वारा ने होने के कारण प्रत्येक वस्तु का एक अच्छा उद्देश्य था, परन्तु शैतान ने प्रायः इस उद्देश्य को बिगाड़ा है। परमेश्वर ने मनुष्य को यौन सम्बन्धों का उपहार दिया, परन्तु शैतान ने इसे लालसा में बदल दिया। परमेश्वर ने हमें भोजन दिया, परन्तु शैतान अस्वस्थ पेटूपन का प्रचार करता है।

4:4 में सम्भवतः सबसे महत्वपूर्ण शब्द "धन्यवाद" *(युखारिसितिया)* है। परमेश्वर चाहता है कि प्रत्येक भोजन वस्तु को "धन्यवाद के साथ ग्रहण किया जाए।" यहूदी भोजन से पहले प्रार्थना किया करते थे और यीशु ने भी ऐसा ही किया; उसने भोजन के लिए परमेश्वर को "धन्य" कहा (मरकुस 6:41; लूका 24:30), उसे धन्यवाद देने के द्वारा (मरकुस 8:6)। यह पौलुस समेत, पहले मसीहियों का भी आचरण था (रोमियों 14:6; 1 कुरि. 10:30)। "हमारी प्रतिदिन की रोटी" प्रभु की ओर से आती है (मत्ती 6:11); आइए हम इसके लिए

धन्यवाद दें।

आयत 5. जब हम अपने भोजन के लिए धन्यवाद देते हैं, तो कुछ अद्‌भुत होता है। **क्योंकि परमेश्वर के वचन और प्रार्थना के द्वारा शुद्ध हो जाती है।** "शुद्ध हो जाती है" ἁγιάζω *(हगियाजो)*, के एक रूप का अनुवाद करता है जो ἅγιος (*हगियोस,* पवित्र) से सम्बन्धित है। *हगियाजो* एक क्रिया एक ऐसी वस्तु का भाव व्यक्त करता है जिसे "अलग किया गया है" या "समर्पित" किया गया है।[37] "शुद्ध किए गये" की बजाय, RSV में "पवित्र किया गया" है; NEB में "पवित्र" है; और ESV में "पवित्र हो जाती हैं" है।

पौलुस के अनुसार, हमारा "परमेश्वर के वचन[38] और प्रार्थना के द्वारा" पवित्र हो जाता है। "प्रार्थना" ἔντευξις *(एनतयूक्सिस)* से है प्रार्थना के लिए एक शब्द।[39] जिसमें इस आयत में धन्यवाद सम्मिलित है।[40] परमेश्वर का वचन हमें बताता है कि भोजन हमारे स्वर्गीय पिता की ओर से एक उपहार है,[41] जबकि प्रार्थना उस तथ्य को स्वीकार करती है। ये दोनों - परमेश्वर का वचन और प्रार्थना - एक साधारण भोजन को एक पवित्र अवसर में बदल सकती हैं![42]

"तुझे झूठे उपदेश का सामना करना होगा" (4:6-10)

अध्याय 4 के प्रथम भाग में, पौलुस ने यह घोषणा किया कि पाखण्डी लोग, झूठे उपदेश देंगे और कुछ लोगों को "विश्वास से बहका देंगे।" इस संबंध में कोई प्रश्न नहीं उठाया गया है: क्योंकि आत्मा ने इस मामले में "स्पष्टता" से कहा है (4:1)।

वर्तमानकाल में भी झूठे उपदेशक पाए जाते हैं। झूठा उपदेश जब अपना गंदा सिर उठाता है, तब हमें क्या करना चाहिए? इसके लिए किसी भी सीमा तक जाना आसान है। एक सीमा यह है कि झूठे उपदेशों को, इस आशा के साथ कि यह ठीक हो जाएगा, अनदेखा कर देना चाहिए। दूसरी सीमा यह है कि आत्माओं को बचाने और उनका पालन पोषण करने जैसे महत्वपूर्ण बातों को छोड़कर, अपना सारा ध्यान और समय, झूठे उपदेशों का सामना करने में लगा दो।

हमें क्या करना *चाहिए*? हम 4:6-10 से कई सुझाव ले सकते हैं। यद्यपि ये एक दूसरे को अतिच्छादन करते हैं, लेकिन इनमें से हर एक के विषय बताना आवश्यक है।

"झूठा उपदेश खुलासा करने से न हिचकिचाएं" (4:6)

6यदि तू भाइयों को इन बातों की सुधि दिलाता रहेगा, तो मसीह यीशु का अच्छा सेवक ठहरेगा; और विश्वास और उस अच्छे उपदेश की बातों से, जो तू मानता आया है, तेरा पालन-पोषण होता रहेगा।

आयत 6. सर्वप्रथम, झूठे उपदेश का खुलासा करना हमारी जिम्मेदारी है। न केवल हम स्वयं झूठे उपदेश के बारे में अवगत रहें, बल्कि हमें अन्य लोगों को भी

इसके बारे में अवगत करना है। पौलुस ने तीमुथियुस को कहा, **यदि तू भाइयों को इन बातों की सुधि दिलाता रहेगा, तो मसीह यीशु का अच्छा सेवक ठहरेगा।**[43] वाक्यांश "इन बातों," झूठे उपदेश (स्वधर्म त्याग) विस्तारीकरण को संदर्भित करता है (4:1-5)। जब तीमुथियुस इस चेतावनी को सभा में बांटता है, तो वह "मसीह यीशु का एक अच्छा सेवक ठहरेगा"[44] - जो यह बताता है कि यदि वह ऐसा करने में असफल रहता है तो वह एक अच्छा सेवक नहीं ठहरेगा। यदि एक चिकित्सक किसी ऐसे व्याधि के बारे में जानता हो जो उनके क्षेत्र में तेजी से फैल रहा हो और अपने मरीजों को इसके बारे में नहीं चेताता हो तो वह एक अच्छा चिकित्सक नहीं कहलाएगा।

अपने-अपने भाइयों को झूठे उपदेशों के बारे में चेताने के लिए तीमुथियुस को किस विधि का प्रयोग करना था? इसके लिए पौलुस ने जिस शब्दांश का प्रयोग किया था वह यह है कि युवा प्रचारक को भाइयों को "सुधि दिलाना" था। "सुधि दिलाना" कठोर प्रस्ताव की प्रस्तुति नहीं है। यह वाक्यांश यूनानी शब्द ὑποτίθημι (*ह्यूपोटिथेमी*, "सामने रखना") का हिंदी अनुवाद है। यह दो यूनानी शब्द ὑπό (*ह्यूपो*, "अधीन") और τίθημι (*टिथेमी*, "रखना") के संयोजन से बना है।[45] झूठे उपदेशों के बारे में तीमुथियुस को भाइयों को "बताना था" जिससे झूठे उपदेश स्पष्ट हो जाता।

इस पत्री में यहाँ पहली बार "भाइयों" (ἀδελφός, *आडेलफोस,* बहुवचन) प्रयोग हुआ है। "भाइयों" एक पारिवारिक, संबंध सूचक शब्द है। भाइयों, "विश्वासी एवं प्रेमी" थे (6:2)। तीमुथियुस को एक परिवार का सदस्य होने के कारण, "इन बातों की आज्ञा देनी थी और सिखाते रहना था" (4:11; NIV)।

वाक्यांश "मसीह यीशु का एक अच्छा सेवक" पर कुछ टिप्पणियां की जानी चाहिए। "सेवक" यूनानी शब्द διάκονος *(डियाकोनोस)* से अवतरित है। अध्याय 3 में तकनीकी रूप से *डियाकोनोस,* कलीसिया के विशेष सेवकों के लिए प्रयोग किया गया है। यहाँ इसका सामान्य प्रयोग उसके लिए किया गया है, जो सेवा करता है। कई अनुवादों में 4:6 में प्रयुक्त इस शब्द का अनुवाद "सेवक" ("minister") किया गया है (KJV; NKJV; RSV; NIV)।[46] प्रचारक का विशेष सेवकाई है, जिसे प्रेरित ने "वचन की सेवा" कहा है (प्रेरित 6:4)।

आइये हम आयत 6 के आरंभिक विचारधारा पर लौटेंः अच्छा सेवक होने के लिए, तीमुथियुस को सभा को झूठे उपदेश के बारे में सुधि दिलाना था। जैसे कुछ लोगों की मान्यता है कि यदि तीमुथियुस डरपोक या संकोची होता, तो वह विवाद से बच सकता था और झूठे उपदेश का सामना करने से कतरा सकता था। फिर भी, जब झूठा उपदेश अपना गंदा सिर ऊँचा करता तो उसके पास कोई विकल्प नहीं था। पौलुस ने कहा कि इसको स्पष्ट किया जाना चाहिए था।

"अपनी आत्मा का पालन-पोषण करने में ढिलाई न बरतें" (4:6)

6यदि तू भाइयों को इन बातों की सुधि दिलाता रहेगा, तो मसीह यीशु का

अच्छा सेवक ठहरेगा; और विश्वास और उस अच्छे उपदेश की बातों से, जो तू मानता आया है, तेरा पालन-पोषण होता रहेगा।

यहाँ चेतावनी के शब्द जोड़े जाने चाहिएः जब हम झूठे उपदेश को प्रगट करने के प्रथम निर्देश का पालन करते हैं तो हमें अपनी आत्मा का पालन-पोषण करने में ढिलाई नहीं बरतना चाहिए। झूठे उपदेश का शिकार होने की संभावनाएं इस प्रकार हैंः इसके बारे में पढ़ने, बातचीत, लिखने, और खण्डन करने के द्वारा हम इसके शिकार हो सकते हैं। यह किसी की भी आत्मा को उन्नति करने से रोकने का सर्वोत्तम तरीका है।

आयत 6. पौलुस के अगले शब्द का बहुत महत्वपूर्ण निहितार्थ है: उसने कहा कि तीमुथियुस का **विश्वास और उस अच्छे उपदेश की बातों से, जो [वह] मानता आया है, [उसका] पालन-पोषण होता रहेगा।** जीने के लिए हमारा "पालन-पोषण" होना आवश्यक है। यह बात आत्मिक तथा शारीरिक दोनों के लिए सत्य है। हमें आत्मिक पालन-पोषण कहाँ से मिलेगा? झूठे उपदेशकों के सिद्धांतों से नहीं, बल्कि विश्वास[47] के वचनों[48] से - अर्थात् परमेश्वर के वचन[49] से ही आत्मिक पालन-पोषण होगा।

पौलुस ने "विश्वास के वचनों" को "खरा उपदेश" कहा है। "उपदेश" (διδασκαλία, *डिडासकालिया)* उस ओर संकेत करता है "जो सिखाया जाए।" इस आयत में खरा उपदेश, सामान्य शब्द ὑγιαίνω (*ह्यूगियानो*, "स्वस्थ रहना") से अवतरित नहीं है।[50] बल्कि यह तो उस शब्द से अवतरित है जिसका अर्थ "भला" καλός *(कालोस)* है। यह वही शब्द है जो वाक्यांश "एक अच्छा सेवक" में प्रयोग किया गया है। पौलुस यहाँ शब्दों के साथ खेल रहा है: एक अच्छे सेवक का पालन-पोषण अच्छे उपदेश से होता है - जिसका आशय यह है कि बुरे सेवक के भूखे आत्मा को केवल बुरे उपदेश ही दिया जाता है जिसके द्वारा उसका पालन-पोषण होता है।

"पालन-पोषण" (ἐντρέφω, *एन्ट्रेफो),* "पालना, खिलाना, पोषित करना" (τρέφω, *ट्रेफो)* इत्यादि शब्दों से बना है, जिसकी दृढ़ता पूर्वसर्ग ἐν *(एन)* से की गई है। यह "बढ़ाना, पालना, प्रशिक्षित करना, पालन-पोषण करना, इत्यादि शब्दों का संयुक्त रूप है।[51] एक भावानुवाद के अनुसार तीमुथियुस का "विश्वास के संदेश के अनुसार पालन-पोषण किया गया है।" इसकी शुरुआत उसकी माता और दादी के द्वारा हुआ (2 तीमु. 1:5; 3:15) और यह पौलुस के संगति में भी जारी रहा।

जब हम परमेश्वर के वचन को पुष्टिकारक तत्व के रूप में समझते हैं, तो मस्तिष्क में कई विचार उठते हैं। भोजन वस्तु के द्वारा पोषित होने के लिए केवल इसकी ओर देखना या उसका विश्लेषण करना ही पर्याप्त नहीं है। भोजन चबाया जाना चाहिए, निगलना चाहिए और फिर उसे पचाया जाना चाहिए। ऐसे ही, परमेश्वर के वचन के द्वारा पोषित होने के लिए, केवल इसे सामान्य रूप से कुछ आयतें यहाँ और कुछ आयतें वहाँ से नहीं पढ़ा जाना चाहिए। हमें बाइबल पढ़नी

चाहिए, अध्ययन करना चाहिए, इस पर ध्यान किया जाना चाहिए, और इसे हमें अपने जीवन पर लागू करना चाहिए। इस प्रकार, हम "यह दिखाते हैं कि हमने विश्वास के वचन का पाचन कर लिया है।"[52]

परमेश्वर के वचन ने तीमुथियुस की आत्मा का पालन-पोषण किया क्योंकि उसने इसे स्वीकार किया और इसे अपने जीवन पर लागू किया। "विश्वास के वचन" का उल्लेख करने के पश्चात पौलुस ने **जो तू मानते आया है, वाक्यांश भी** जोड़ा। यह वाक्यांश παρακολουθέω *(पाराकोलूथेयो)* से उधृत है, जो "अनुकरण करना" (ἀκολουθέω, *आकोलूथेयो)* और पूर्वसर्ग "समीप" (παρά, *पारा)* के संयोजन से बना है। यह शब्द दूर से अनुकरण करने की ओर संकेत नहीं करता है, बल्कि निकट अनुकरण, यहाँ तक एक दूसरे के साथ सटकर चलने का आशय प्रकट करता है।[53]

तीमुथियुस के लिए परमेश्वर के वचन का अनुकरण करना जीवन में एक बार होने वाली घटना के समान नहीं है; यह तो उसका जीवन था। हमें तीमुथियुस का अनुकरण करना चाहिए। यदि हम ऐसा करेंगे तो हमारी आत्मा भी पोषित होगी।

"प्राथमिकता पर ध्यान दें" (4:7)

[7]पर अशुद्ध और बूढ़ियों की सी कहानियों से अलग रह; और भक्ति की साधना कर।

आयत 7. "विश्वास के वचनों" का अनुकरण किया जाना चाहिए, लेकिन कुछ वचनों को अनदेखा कर देना चाहिए। पौलुस यह जारी रखता है कि **पर अशुद्ध और बूढ़ियों की सी कहानियों से अलग रह।**[54] "बूढ़ियों की सी कहानियों," मिथ्या का स्रोत μῦθος *(मूथोस)* से उधृत है।[55] यह उपदेश आयत 3 की विवाह और भोजन से संबंधित निषेधाज्ञा है, लेकिन उन विशिष्ट उपदेश को "मिथ्या" की श्रेणी में रखा जा सकता है। बल्कि, मिथ्या, संभवतः निषेधाज्ञा के संबंध में दर्शनशास्त्रीय विधर्म था, विशेषकर यह इस बात को लेकर था कि "सभी वस्तुएं बुरी हैं।"

इन "कहानियों" से घृणा करने के अलावा पौलुस के पास और कोई विकल्प नहीं था (KJV)। वे "भौतिक" (βέβηλος, *बेबेलोस)* थे, जिसका अर्थ "पूरी तरह संसारिक"[56] थे और इसलिए वे "वास्तविक महत्वत्ता से, अर्थहीन, मूल्यहीन थे।"[57] *बेबेलोस,* "*हीरोस,* 'पवित्र' का विलोम है।"[58] NIV मिथ्या का अनुवाद "godless" (ईश्वर रहित) करता है।

पौलुस ने कहा कि ये विकृतियाँ "बूढ़ी औरतों को ही सोहती है।" ये शब्द γραώδης *(ग्राओडेस)* "विशेषण से अवतरित है जो 'बूढ़ी औरतपन' का गुण दर्शाता है।"[59] हम में से अधिकांश लोग "old wives' tales" (देखें KJV) ("बूढ़ी औरतों की कहानियों") अभिव्यक्ति से परिचित हैं, जो एक ऐसा वक्तव्य है

जिसमें स्वास्थ्य से संबंधित हर एक बात (“घरेलू उपचार, सर्दी-जुकाम”) से लेकर व्यवहार में परिवर्तन (“अजीबो गरीब चेहरे बनाना, और एक दिन तुम्हारा चेहरा ऐसा ही हो जाएगा”) के लिए सलाह पाया जाता है। इसी तरह का वक्तव्य भी पौलुस के दिनों में प्रयोग किया जाता था जिसमें थोड़ा या कोई भी वास्तविकता या मूल्य नहीं होता था।

कुछ अनुवादकों ने यह विचार व्यक्त किया है कि पौलुस के शब्द अधेड़ औरतों[60] का अपमान करता है, औरतों शब्द का संदर्भ छोड़कर वह “मूर्खतापूर्ण” जैसे शब्दों का प्रयोग कर सकता था (RSV; ESV; MSG)। पौलुस ने अधेड़ औरतों की ओर उस प्रकार का अशिष्टता नहीं जताया जिस प्रकार हम “बूढ़ी औरतों की कहानियाँ” (“old wives’ tales”) वक्तव्य प्रयोग कर उनका अपमान करते हैं। वह सामान्य अभिव्यक्ति का प्रयोग कर “सांसारिकता और बेकार की गपशप” (6:20) के बारे में अपनी कुण्ठा बताना चाहता था, जिसे वह अथाह आत्मिक अवधारणा के रूप में बताकर उसे अवगत कराना चाहता था।

तीमुथियुस को इन “सांसारिक कहानियों” का सामना कैसे करना था? पौलुस ने उसे उसको उनसे “अलग रहने” के लिए कहा था।[61] प्रथम दृश्य, हमें यह अजीब सा लगेगा। क्या पौलुस ने तीमुथियुस को झूठे उपदेश स्पष्ट करने के बारे में नहीं बताया था? वह इसे ऐसा कैसे कर सकता था और इसके बाद भी वह इससे कैसे “अलग रह” सकता था? संभवतः पौलुस, तीमुथियुस को यह कह रहा था, “एक बार जब तुम झूठे उपदेश के बारे में भाइयों को बता दो, तो उसके बाद सकारात्मक उपदेश की ओर बढ़ जाओ। अपने आपको इससे न उलझने दो।” यदि हम दूसरे अलंकार का प्रयोग करें तो वह यह कह रहा था, “झूठे उपदेश रूपी दल-दल में फंस न जाओ। अपने पैरों को सच्चाई रूपी दृढ़ भूमि पर जमा लेना।” यह तीमुथियुस के व्यक्तिगत आत्मिक स्वास्थ्य के लिए अत्यावश्यक था। यह उन सभी के आत्मिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी था, जिन्होंने उसे सुना था।

“आत्मिक रूप से मजबूत व स्वस्थ रहें” (4:7-9)

7पर अशुद्ध और बूढ़ियों की सी कहानियों से अलग रह; और भक्ति की साधना कर। 8क्योंकि देह की साधना से कम लाभ होता है, पर भक्ति सब बातों के लिये लाभदायक है, क्योंकि इस समय के और आनेवाले जीवन की भी प्रतिज्ञा इसी के लिये है। 9यह बात सच और हर प्रकार से मानने के योग्य है।

आयत 7. इस बारे में कहने से कि तीमुथियुस का पालन-पोषण वचन (4:6) के द्वारा किया जा रहा है, पौलुस ने इस संबंध में पहले ही कह दिया था कि यदि युवा प्रचारक को झूठे उपदेशों का समना करना है तो उसे आत्मिक रूप से मजबूत होना होगा। उसने इस विचार का विश्लेषण आयत 7 से 9 में किया है। एक ओर जहाँ तीमुथियुस को “बूढ़ियों की सी कहानियों से अलग रहना था” (NIV), जो उसको गिरा देता। **तो दूसरी ओर**, उसको **भक्ति करके** अपने आपको

अनुशासित (साधित) करना था, जो उसे सुदृढ़ करता। जिस यूनानी शब्द का अनुवाद "साधना" किया गया है वह वर्तमान काल में है, जो लगातार किए जाने वाले कार्य की संकेत करता है। तीमुथियुस को निरंतर स्व-अनुशासन की क्रिया में लगे रहना था।

हमेशा की तरह पौलुस ने खेल-कूद के शब्दों का प्रयोग किया।[62] यूनानी शब्द γυμνάζω *(गुमनाद्ज़ो)* का अनुवाद "साधना" किया गया है जिससे हमें संबंधित शब्द *जिम्नेजियम* (अखाड़ा) मिलता है। *गुमनाद्ज़ो* का अर्थ "व्यायाम," "प्रशिक्षण," और "साधना करना" है।[63] इसमें समर्पित खिलाड़ी को अनुशासित प्रशिक्षण लेना पड़ता है। हाँ, पौलुस के मन में पदक जीतने के लिए शारीरिक व्यायाम का विचारधारा नहीं है, बल्कि उसके मन में आत्मिक प्रशिक्षण की बात है ताकि भक्ति का विकास हो सके। फिलिप अनुवाद के अनुसार "अपने आपको आत्मिक रूप से तंदुरुस्त रखो।"

आयत 8. पौलुस ने शारीरिक व्यायाम को आत्मिक व्यायाम से विभेद करते हुए लिखा, **क्योंकि देह की साधना से कम लाभ होता है।** इस अनुवाद में अँग्रेजी शब्द "only" का अभिप्राय यह है कि शारीरिक व्यायाम से थोड़ा या बहुत कम लाभ होता है। यूनानी पाठ में "only" के लिए कोई शब्द नहीं है; इसका यथा शब्द "देह की साधना से कम लाभ होता है।" दूसरे शब्दों में "इससे *थोड़ा* लाभ मिलता है" (NIV; NRSV; बल दिया गया है)। हमारी देह पवित्र आत्मा का मंदिर है (1 कुरिं. 6:19, 20; देखें रोमियों 12:1)। हमारे भण्डारीपन का एक भाग हमें हमारे देह की देखभाल भी करना है।

यद्यपि, हमें स्मरण होगा कि पौलुस का उद्देश्य शारीरिक साधना के लाभ को आत्मिक साधना के लाभ से विभेद करना था। जैसा उसके दिनों में था, वैसे ही कुछ लोग आज आत्मिक स्वास्थ्य के बजाय शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति अधिक चिंतित हैं। उन लोगों को जो इस विषय में त्रुटिपूर्ण विचारधारा रखते हैं उनको पौलुस ने कहा कि "देह की साधना से कम लाभ होता है," जबकि **भक्ति सब बातों के लिये लाभदायक है।**

"भक्ति" के लिए यूनानी शब्द εὐσέβεια *(यूसेबेइया)* और θεοσέβεια *(थेयोसेबेइया)* प्रयोग किया गया है, जिसका पहले भी कई बार प्रयोग किया गया है (2:2, 10; 3:16; 4:7)। नये नियम में इस शब्द का कुल सोलह बार प्रयोग हुआ है, जिस में से नौ बार केवल इसी पत्री में ही प्रयोग हुआ है। जैसे पहले इस शब्द के बारे में टिप्पणी की गई है कि *यूसेबेइया* एक संयुक्त शब्द है जिसका अर्थ "परमेश्वर को मिलने वाला महिमामय आदर।"[64] "हमें परमेश्वर के प्रति महिमामय सम्मान व्यक्त करते हुए भला और पवित्र जीवन" जीने के लिए प्रयास करना चाहिए।"[65]

यह इतना महत्वपूर्ण क्यों है? इस प्रश्न का उत्तर आयत 8 उत्तरवर्ती भाग में दिया गया है। पौलुस ने लिखा, **भक्ति सब बातों के लिये लाभदायक[66] है, क्योंकि इस समय के और आनेवाले जीवन की भी प्रतिज्ञा इसी के लिये है।** जब पौलुस ने कहा कि भक्ति "इस समय के और आनेवाले जीवन की भी प्रतिज्ञा करती है," तो

इससे उसका यह तात्पर्य नहीं था कि एक मसीही का भक्त होने की गारंटी के रूप में उसे एक बड़ा भवन मिलेगा या उसका समस्यामुक्त जीवन होगा। वह यह कह रहा था कि वर्तमान में भक्तिपूर्ण जीवन जीने के कई सकारात्मक प्रभाव हो सकते हैं, जिसमें हमारा स्वास्थ्य, विवाह, परिवार, व यहाँ तक कि हमारा व्यवसाय भी सम्मिलित है। वह विशेषकर इस बात पर जोर दे रहा था कि यह हमारे बाहरी जीवन पर प्रभाव डालता है क्योंकि परमेश्वर-केन्द्रित मसीही लोग अपनी समृद्धि के लिए भौतक खुशियों पर निर्भर नहीं होते हैं।

भक्ति "आनेवाले जीवन के लिए भी प्रतिज्ञा करती है" - आत्मा के उस घर में परमेश्वर सभी आँसुओं को पोंछ डालेगा, वहाँ मृत्यु या विलाप, या रोना, या पीड़ा नहीं होगा (प्रकाशितवाक्य 21:4)।[67] भक्ति हमें अभी आशीषित करता है और भविष्य के लिए हमें तैयार करता है। विश्वासयोग्य मसीहियों को "दोनों जगत की सर्वोत्तम चीजें मिलती है।"[68]

आयत 9. यहाँ हमें तीसरा **मानने के योग्य** वक्तव्य मिलता है (देखें 1:15; 3:1)। टीकाकार और अनुवादक इस विषय पर बंटे हुए हैं कि क्या यह विश्लेषण आयत 8 की ओर ताकता है या फिर आयत 10 की ओर संकेत करता है। आयत 8 अधिक संभावित लगता है क्योंकि ऐसा प्रतीत होता है मानो उस समय के मसीहियों के बीच यह अधिक प्रचलित था। चाहे मामला यही हो या कोई और बात हो,[69] बात यह है कि हमको "भक्ति के लिए अपना साधन करना है" (4:7) और निश्चय यह "एक विश्वासयोग्य वक्तव्य" है और **मानने के योग्य है।** झूठे उपदेश का सामना करने के लिए, हमको आत्मिक रूप से मजबूत व स्वस्थ रहना होगा।

"ध्यान केंद्रित करें" (4:10)

[10]क्योंकि हम परिश्रम और यत्न इसी लिये करते हैं, कि हमारी आशा उस जीवते परमेश्वर पर है; जो सब मनुष्यों का, और निज करके विश्वासियों का उद्धारकर्ता है।

आयत 10. हमने खिलाड़ियों को जो अपने प्रतिस्पर्धा में अव्वल रहना चाहते हैं एवं मसीही लोग जो परमेश्वर को प्रसन्न करने के लिए गम्भीर हैं, के बीच कई समानताएं प्रस्तुत की गई हैं। कुछ और समानताएं आयत 10 से भी ली जा सकती है। "आनेवाले जीवन" के बारे में विश्लेषण करने के बाद, पौलुस ने कहा **क्योंकि**[70] **हम**[71] **परिश्रम और यत्न इसी लिए करते हैं।** "परिश्रम" और "यत्न" एक दूसरे के पर्याय हैं। "परिश्रम" यूनानी शब्द κοπιάω *(कोपियाओ)* का अनुवाद है जिसका अर्थ "अपने आपको काम में लगाना . . . , कठीन कार्य करना, मेहनत करना, प्रयास करना, संघर्ष करना,"[72] पूरी तरह थक जाने तक परिश्रम करना। "प्रयास करना" यूनानी शब्द ἀγωνίζομαι *(एगोनिजोमाई)* का अनुवाद है, जो क्रिया "तड़पना" का स्रोत है। पौलुस ने 1 कुरिंथियों 9:25 में *एगोनीजोमाई* का

प्रयोग "खेल में भाग लेने" के संदर्भ में किया है। दोनों शब्द एक समर्पित खिलाड़ी का परिश्रम दर्शाते हैं। पौलुस ने परमेश्वर की सेवा में इस प्रकार का प्रयास करने का समर्थन किया है। क्या हम ऐसा करते हैं?

आयत 10 में जिस बात पर हम जोर देना चाहते हैं वह यह है कि खेलकूद या मसीहियत में सर्वोच्च ठहरने के लिए ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। सफलतम खिलाड़ियों का सामान्य गुण यह है कि चाहे कुछ भी हो जाए, वे अपने लक्ष्य पर केन्द्रित रहते हैं। वस्तुतः, पौलुस ने कहा कि वह सब कुछ हर संभव प्रयास करना चाहता है क्योंकि उसके सम्मुख एक लक्ष्य है: उसकी **आशा जीवते परमेश्वर** पर टिका हुआ था।

"जीवित आशा" ἐλπίζω *(एलपिद्जो)* से अनुवाद किया गया है, जिसका आशय यह है कि "किसी वस्तु की ओर भरोसे के साथ देखना।"[73] इस शब्द के बाद एक पूर्वसर्ग ἐπί *(एपि)* लगाया गया है "जिसके आधार पर आशा टिकी हुई है,"[74] दर्शाता है। पौलुस की आशा मृत मूर्तियों (जो इफिसुस में अन्यत्र देखे जा सकते थे) पर नहीं टिका था, बल्कि उसकी आशा "जीवते परमेश्वर" पर टिका था।[75]

पौलुस का परमेश्वर के बारे में विश्लेषण किंचित चौंकाने वाला है: **सब मनुष्यों का, और निज करके विश्वासियों का उद्धारकर्ता है**। "उद्धारकर्ता" जिसका हमने पहले भी विश्लेषण किया है, समझ सकते हैं।[76] तथापि, इससे उसका क्या तात्पर्य है जब वह कहता है "सब मनुष्यों का, और निज करके विश्वासियों का उद्धारकर्ता है"? कुछ लोग इस अनुच्छेद का प्रयोग सार्वभौमिकता सिखाने के लिए प्रयोग करते हैं जिसका आशय यह है कि परमेश्वर किसी दिन सबको चाहे उन्होंने कैसे भी जीवन क्यों न बिताया हो और चाहे उनका विश्वास कुछ भी क्यों न रहा हो, उद्धार करेगा।

यह उनमें से एक अनुच्छेद है जिसके विषय में हम अधिक आश्वस्त हो सकते हैं कि यह क्या उपदेश *नहीं* देता है इसके बजाय कि यह क्या उपदेश देता है। यह "सार्वभौमिकता" के बारे में शिक्षा *नहीं* देता है। कि पौलुस एक "सार्वभौमिकवादी" नहीं था, का आंकलन उसका न्याय के दिन संदर्भ से कर सकते हैं (प्रेरितों. 17:30, 31; 1 तीमु. 5:24) और यह तथ्य कि मनुष्य आत्मिक रूप से नाश हो सकते हैं (1 कुरिं. 1:18; 2 कुरिं. 2:15; 4:3)। यद्यपि, हमारे लिए उसका संदेश इतना स्पष्ट नहीं है।

चूँकि "उद्धार" के लिए यूनानी शब्द (σῴζω, *सोत्जो)* का विचारधारा "प्राकृतिक खतरा और पीड़ा से बचाना" है[77] तो कुछ लोगों की यह मान्यता है कि इस संदर्भ में परमेश्वर "सभी मनुष्य का उद्धारकर्ता है" कि वह "सब को जीवन और श्वास और सब कुछ देता है" (प्रेरितों.17:25), "धर्मी और अधर्मी दोनों पर मेंह बरसाता है" (मत्ती 5:45)। यह संभावित व्याख्या है, लेकिन वाक्यांश "परमेश्वर हमारा उद्धारकर्ता" इस पत्री में अन्यत्र ऐसा नहीं प्रयोग किया गया है (देखें 2:3, 4)।

अन्य लेखकों ने टिप्पणी किया है कि "सब मनुष्यों" में "सब प्रकार के लोग" सम्मिलित हो सकते हैं। यह झूठे उपदेशकों की विशेषता का खण्डन करने का

वक्तव्य हो सकता है।

एक अन्य टीकाकार ने यह निष्कर्ष निकाला कि “निज करके” (μάλιστα, *मलिस्टा)* का संभावित अर्थ “संक्षिप्त रूप से” या “दूसरे शब्दों में” हो सकता है जिसका आशय “विशेषकर विश्वासी” जो पौलुस के वक्तव्य में सुधार हो सकता है कि परमेश्वर “सभी मनुष्यों का उद्धारकर्ता” है।[78] यदि ऐसा है, तो प्रेरित परमेश्वर की उद्धार को विश्वास करने वालों तक ही सीमित कर रहा था।

सभी संभावित व्याख्या के बीच, जे. डब्ल्यु. रॉबर्ट्स का संक्षिप्त वाक्यांश अधिक मान्य जान पड़ता है: परमेश्वर “सभी मनुष्यों का उद्धारकर्ता है, लेकिन विशेषकर (या वास्तव में) विश्वासियों का उद्धारकर्ता है।”[79] अधिक संभावना यह है कि परमेश्वर “जिस उद्धार के प्रति न्यौता देता है उसके अंतर्गत वह उन सब मनुष्यों का उद्धार करता है जो उसके पास आते हैं।”[80] वास्तव में, वह केवल उनका उद्धार करता है जो उस पर और उसके पुत्र पर विश्वास और भरोसा करते हैं (यूहन्ना 8:24; इब्रा. 5:8, 9; 11:6)।

झूठा उपदेश हमको हमारे लक्ष्य से भटकाने न दें। आइये हम अपनी आशा “उस जीवते परमेश्वर पर [रखें], जो सब मनुष्यों का और निज करके विश्वासियों का उद्धारकर्ता है।”

अनुप्रयोग

पुत्र-मेरे मन की ज्योति (4:1-5)

निराशा भरे दिन दुःख भरा हो सकता है। जब मेरी पत्नी और मैं आर्कांसस में रहते थे, तो हमारे आरंभिक दिन “निराशा भरे” थे, क्योंकि मैं अपना लेखन कार्य खिड़की रहित भूतल में कर रहा था। अंततः एक चिकित्सक ने मुझे कहा कि मुझे सूर्य की रोशनी की आवश्यकता है। मैंने अपने बैठक में अपना कार्य (शोध और लेखन कार्य) प्रारंभ किया, जिसमें एक बड़ी खिड़की थी - और मुझे इससे अच्छा लगने लगा।

पौलुस ने तीमुथियुस को चेतावनी दी कि कलीसिया के बुरे दिन आने वाले हैं; बल्कि, वे प्रारंभ हो चुके हैं। कुछ झूठे उपदेशक होंगे (बल्कि वे आ गए हैं) जो मसीहियों को सच्चाई से भटका देंगे।[81] जो बात पहले सत्य थी वह आज भी सत्य है और यह प्रभु के आगमन तक ऐसे ही रहेंगे। यदि हम बुरे दिन से चौंकाने वाली बातों से बचने के तरीके नहीं जानते हैं तो यह सत्यता निराश करने वाली होगी। हमें “पुत्र रूपी ज्योति” चाहिए (यूहन्ना 8:12)। अर्थात्, हमें झूठे उपदेशों का सामना करने में इतना व्यस्त नहीं होना है कि प्रभु का प्रेमी और चंगा करने वाली ज्योति हमारे आत्मा को न भर सके।

कठोर विवेक (4:2)

मैं उन दिनों को स्मरण करता हूँ जब मैं मूर, ओकलाहोमा के एक छोटे से

मिठाई की कारखाने में कार्य करता था। थोड़ी बहुत तकनीकी सहायता लेकर हाथ से ही मिठाई बनाने का कार्य किया जाता था। जब पुदीने की मिठाई बनाई जाती थी तो मन चाहे आकार में मिठाई बनाने वाली यंत्र गरम मिठाई को ठंडी लोहे की चादर वाली मेज़ पर उण्डेल देती थी। वह एक लंबी मिठाई निकालता था, फिर उसे वह झाड़ देता था, उसके बाद एक और मिठाई निकलती थी - और इस प्रकार की प्रक्रिया तब तक चलती रहती थी जब तक कि पूरी मेज़ मिठाई से भर न जाती हो। यदि इन लंबी मिठाई को ठंडे होने तक मेज़ पर बार-बार पलटा नहीं जाता था तो वे चपटे आकार के हो जाते थे और फिर वे किसी भी काम के नहीं रहते थे। मेरा कार्य उन मिठाइयों को तब तक पलटते रहना था जब तक वे ठंडे न हो जाते थे। मैं पहली मिठाई को अपने हाथों से पलटता था। जैसे ही इन मिठाइयों की संख्या बढ़ जाती थी तो उनको मुझे अपने हाथों एवं अग्र बाहुओं से भी पलटना पड़ता था। जब मैंने ऐसा करना प्रारंभ किया था, तब यह मुझे बहुत दुःख देता था। फिर भी, जब मैं ऐसा दिन-ब-दिन करता गया तो मेरी हथेली और अग्र बाहुओं की खाल पीली एवं मोटी होती चली गई। उच्च तापमान अब मुझे अधिक दुःख नहीं देता था।

जब कोई बार-बार अपने विवेक की चेतावनियों पर ध्यान नहीं देता है तो मानो वह तपे लोहे को उस पर फेरता है - यह उस पर बार-बार दागता है और अंत में यह बेकार हो जाता है। जे. बी. फिलिप ने इस विचार का इस प्रकार व्याख्या की: "जिनका विवेक शुष्क मांस के समान हो गया है।" इफिसियों 4:19 से यदि पौलुस के शब्दों को लिया जाए वे "सुन्न हो गए" या "भावना रहित" हो गए हैं (KJV)।[82] यूजीन एच. पीटरसन ने अपनी व्याख्या में इसका इस प्रकार व्याख्या किया है: "इन झूठे लोगों ने इतनी अच्छी तरह से लंबी अवधि तक झूठ बोला है कि उन्होंने सत्य पहचानने की क्षमता भी भुला दिया है" (4:2; MSG)।

"सेवक" पर टिप्पणी (4:6)

एक प्रचारक को "सेवक" संबोधित करने के बारे में दो तथ्यों पर विचार करना अनिवार्य है। (1) बाइबल के अनुसार, "सेवक" उच्च पदवी नहीं दर्शाता है, बल्कि यह उस व्यक्ति को दर्शाता है जो परमेश्वर और मनुष्यों दोनों की सेवा करता है। अंग्रेजी शब्द minister लातीनी शब्द *मिनिस्टर* से उधृत है, जो "एक निम्न," या "एक दास" को दर्शाता है। लातीनी विद्वान ई. ए. जज के अनुसार इस शब्द का अर्थ "अपने आपको निम्न करना है।"[83] (2) "सेवक" एक उपाधि नहीं है, बल्कि यह विश्लेषणात्मक संज्ञा है। एक प्रचारक को तब तक "सेवक" संबोधित करना वचनानुसार है जब तक कि वह हम उसे किसी कलीसिया के "पासबान" न स्वीकार करें। सभी मसीहियों को सेवक होना होगा; हर एक की अपनी सेवा होना आवश्यक है।[84]

आत्मिक अधिकार (4:7, 8)

हमारे आत्मिक सेवाधिकार क्षेत्र में किस प्रकार का "अधिकार" होना चाहिए? सर्वोत्तम सामान्य निर्देश यह है कि परमेश्वर के वचन पढ़ो, परमेश्वर के वचन का अध्ययन करो, और परमेश्वर का वचन जीओ। जॉन आर. डब्ल्यु. स्टॉट ने लिखा,

> अभी तक लिखे गए शास्त्रों में धर्मशास्त्र सबसे अधिक ईश्वरीय पुस्तक है। यह परमेश्वर द्वारा परमेश्वर के बारे में लिखा गया पुस्तक है। यहाँ तक कि इसको परमेश्वर की आत्म कथा भी कहा जा सकता है क्योंकि इसमें वह अपने बारे में हमसे बातें करता है। परिणामस्वरूप, हम इस ईश्वरीय पुस्तक से तब तक परिचित नहीं होंगे जब तक कि हम स्वयं आत्मिक न बन जाएं।[85]

हम कुछ विशिष्ट आत्मिक सहायता जैसे प्रार्थना करना, बाइबल अध्ययन की कक्षा में भाग लेना, परमेश्वर और लोगों की सेवा करना, और अपना विश्वास दूसरे के साथ बांटना भी इसमें सूचीबद्ध कर सकते हैं। इनका आत्मिक लाभ उठाने के लिए निरंतर इनका अभ्यास किया जाना चाहिए। एक ऐसे धावक के बारे में आप क्या कहेंगे जो यह कहे, "दौड़ से मुझे कोई लाभ नहीं पहुँचता है। मैं दौड़ पथ पर एक बार दौड़ता हूँ और इसके बाद मैं तेजी से नहीं दौड़ सकता हूँ"?

गम्भीर स्व-परीक्षण की आवश्यकता है (देखें 2 कुरिं. 13:5)। आपके आत्मिक दुर्बलता का क्षेत्र क्या है? उन क्षेत्रों को विकसित करने के लिए उनके बारे में विचार करें और प्रार्थना करें। उसके पश्चात अपने कार्यक्रम पर डट जाएं। ऐसा करने से आप "उसमें जड़ पकड़ते जाएंगे" (कुलु. 2:7)।

चेतावनी चिह्न (4:7)

जब हम राज मार्गों पर यात्रा करते हैं तो हम दो प्रकार के चिह्न देखते हैं: सूचना पट (जैसे अगले नगर के लिए दिशा सूचक चिह्न) और चेतावनी चिह्न (जैसे "आगे पुल टूटा है")।[86] चेतावनी चिह्न महत्वपूर्ण है - हम टूटे पुल से नहीं गुजरना चाहेंगे! - बल्कि कोई भी उस मार्ग से नहीं जाना चाहेगा जहाँ सड़क के दोनों छोर केवल चेतावनी चिह्नों से भरे हों। समय-समय पर चेतावनी आवश्यक है; लेकिन सच्चाई बताने पर जोर दिया जाना चाहिए। परमेश्वर के वचन के सम्पूर्ण ज्ञान के बिना झूठे उपदेश से नहीं बचा जा सकता है। आओ हम जो परमेश्वर के वचन का उपदेश और प्रचार करते हैं अपने प्राथमिकता को सीधा रखें।

अविनाशी मुकुट (4:8)

शीतकालीन ओलम्पिक प्रतियोगिता 2014, सोची, रूस में आयोजित किया गया। जब मैं प्रतियोगिता का कुछ हिस्सा देख रहा था, तो दूरदर्शन बीच-बीच में कुछ विशिष्ट प्रतियोगियों के मुख्य भाग का भी विश्लेषण प्रस्तुत कर रहा था। मैं

उनके तैयारियों को देखकर भौंचक्का रह गया। कुछ ओलम्पिक प्रतियोगियों ने तो कुछ क्षणों के प्रतियोगिता के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन ही दांव पर लगा दिया था। पौलुस ने इस प्रकार के समर्पण को 1 कुरिंथियों 9:25 में उल्लेख किया है: "और हर एक पहलवान सब प्रकार का संयम करता है, वे तो एक मुरझाने वाले मुकुट को पाने के लिये यह सब करते हैं, परन्तु हम तो उस मुकुट के लिये करते हैं, जो मुरझाने का नहीं।" "मुरझाने वाला मुकुट" विजेता प्रतियोगी का मुकुट होता था। यह आमतौर पर जैतून के टहनियों से बनाया जाता था और मुरझाने तक अल्प समय के लिए ही होता था। इसके विपरीत, विश्वासियों को "न मुरझाने" वाले मुकुट की प्रतिज्ञा की गई है जो कभी मुरझाने का नहीं। स्वर्ग में इस मुकुट (प्रका. 2:10) को पाने के लिए, हमें भी सब प्रकार का संयम बरतने की आवश्यकता है। एक लेखक के अनुसार, "मसीही लोग मसीह के ओलम्पिक दल में रहना चाहते हैं, लेकिन वे प्रशिक्षण के दौरान अभ्यास करने वाले प्रतियोगी के समान नहीं रहना चाहते हैं।"[87]

आत्मिक ध्यान केंद्रित करना (4:10)

झूठे उपदेशों का सामना करने का एक खतरा यह हो सकता है कि यह हमें आत्मिक ध्यान केंद्रित करने से भटका सकती है। हम अपने दृष्टि को जीवित परमेश्वर से मरणप्राय झूठे उपदेश की ओर लगा सकते हैं। यह हमें और हमारे श्रोताओं के मार्ग को भटका सकता है, निरुत्साह कर सकता है, और चिंतित कर सकता है। पौलुस के समान, जीवित परमेश्वर की ओर हमको आशा लगाना है।

समाप्ति नोट्स

[1]वाल्टर बाऊर, *ए ग्रीक-इंग्लिश लेक्सिकन ऑफ़ द न्यू टेस्टामेंट एण्ड अदर अर्ली क्रिस्चियन लिटरेचर,* तीसरा संस्करण रिवाइज्ड एंड एडिटेड, फ्रेडरिक विलियम डैनकर (शिकागो: यूनिवर्सिटी ऑफ़ शिकागो प्रेस, 2000), 905. [2]डब्ल्यू. ई. वाइन, मेरिल एफ. अनगर, एण्ड विलियम व्हाइट, जूनियर, *वाइन'स कम्पलीट एक्सपोजिटरी डिक्शनरी ऑफ़ ओल्ड एंड न्यू टेस्टामेंट वर्ड्स* (नैशविल: थॉमस नेल्सन पब्लिशर्स, 1985), 354; बाऊर, 1044. [3]जब पौलुस ने तीमुथियुस को अपने दूसरे पत्र में विश्वास का त्याग करने वालों के विषय में सन्दर्भ दिया, उसने इन शब्दों का प्रयोग किया "अन्त के दिनों में" (2 तीमु. 3:1-9), एक वाक्यांश जो मसीही युग को दर्शाता है (देखें इब्रा. 1:1, 2)। [4]कुछ पूर्वसहस्राब्दीवादी (हज़ार वर्ष के राज्य की शिक्षा देने वाले) सिखाते हैं कि ये आयतें मसीह के दूसरे आगमन से पहले के समय की एक निश्चित अवधि को निर्दिष्ट करती हैं, परन्तु पौलुस के मन में एक "एक वर्तमान खतरा" था। [5]इसका एक अन्य संकेत यह है कि विश्वास त्याग पहले ही आरम्भ हो चुका था, पौलुस ने आयत 7 में तीमुथियुस से कहा कि "वह बूढ़ियों की सी कहानियों पर मन न लगाए।" "कहानियाँ" सम्भवतः आयत तीन में झूठी शिक्षाओं के पीछे त्रुटियों का सन्दर्भ हैं (उदाहरण के लिए, "सभी मामले बुरे हैं")। [6]आर्किबाल्ड थॉमस रॉबर्टसन, *वर्ड पिक्चर्स इन द न्यू टेस्टामेंट,* वॉल्यूम 4, *द इपिस्ल्स ऑफ़ पॉल* (न्यू यॉर्क: हार्पर एण्ड ब्रदर्स, 1931), 578. [7]शब्द 'अपोस्टेटाईज," "अपोस्टेसी," और अपोस्टेट इस यूनानी शब्द समूह से लिए गए हैं। [8]वाइन, अनगर, एण्ड वाइट, 224. [9]यह शब्द πρός (*प्रोस,* "के लिए, की ओर") और ἔχω (*एको,* "पकड़ रखना") का मिश्रण है। [10]बाऊर, 880.

[11]*प्लानोस* में प्रलोभन का एक तत्व है। KJV में "लुभावना" है। [12]KJV में "शैतान" हैं परन्तु केवल एक ही शैतान है (διάβολος, *दियाबोलोस)* ये दुष्टात्माएं है जो शैतान के प्रतिनिधि हैं। [13]"दुष्टात्माओं की शिक्षाएं" दुष्टात्माओं विषय में शिक्षा का संदर्भ नहीं देती हैं, परन्तु वे शिक्षा हैं जिनका स्रोत दुष्टात्माएं हैं। [14]जॉन फ़्लवेल से रूपान्तरित, *द होल वर्क्स ऑफ़ रेवरेंड मिस्टर जॉन फ़्लवेल,* 8th एड. (पैस्ली, स्कॉटलैंड: ए. वीयर एण्ड ए. एम्'लीन, 1770), 4:267. [15]विलियम बार्कले*, द लेटर्स टू टिमोथी, टाइटस, एण्ड फिलेमोन,* रिवाइज्ड एडिशन, द डेली स्टडी बाइबल (फिलाडेल्फिया: वेस्टमिंस्टर प्रेस, 1975), 92. [16]उन दिनों में, कलाकार मुखौटा पहना करते थे। एक भाव में, ढोंगी अपनी असली प्रकृति को छिपाने के लिए "मुखौटा पहनते हैं।" [17]बाऊर, 1038. [18]वाइन, अनगर, एण्ड वाइट, 367. [19]जॉन आर. डब्ल्यू. स्टॉट, *गार्ड द ट्रुथ: द मेसेज ऑफ़ 1 टिमोथी एण्ड टाइटस,* द बाइबल स्पीक्स टुडे (डाउनर्स ग्रोव, इलिनोई: इंटरवर्सिटी प्रेस, 1996), 112. [20]उपरोक्त.

[21]जोसेफस *वार्स* 2.8.2. असेनी एक कठोर यहूदी संप्रदाय थे जो कि दूसरी शताब्दी ईस्वी पूर्व से लेकर दूसरी शताब्दी इस्वी तक प्राचीन फिलिस्तीन में अस्तित्व में थे। उनका उल्लेख बाइबल में नहीं किया गया है, परन्तु 1900 के दशक में उन्होंने उनके समुदायों (कुमरान) के निकट मृत सागर स्क्रॉल की खोज के कारण प्रसिद्धि प्राप्त की। [22]इस कथन का अनुमान है कि एक व्यक्ति कुंवारेपन का जीवन जीने के लिए तैयार है। [23]जेरार्ड कलकिन, "सलिबेसी," इन *ए कैथोलिक डिक्शनरी ऑफ़ थियोलॉजी* (लन्दन: थॉमस नेल्सन एण्ड संस, 1967), 2:11-13. [24]इरेनियस *अगेंस्ट हेरेसिज़* 1.24.2. [25]तेर्तुलियन *ऑन एक्स्होर्टेशन टू चेस्टीटी* 13. [26]शब्द "एण्ड एडवोकेट" को NASB अनुवादकों द्वारा डाला गया था, परन्तु संदर्भ स्पष्ट करता है कि झूठे शिक्षक अपने अनुयायियों को कुछ भोजन वस्तुएं न खाने की आज्ञा दे रहे थे। NIV शब्द सम्मिलित करता है "और उन्हें आज्ञा देते हैं।" [27]"भोजन" βρῶμα *(ब्रोमा)* से है, "वह जो खाया गया है" (बाऊर, 184)। KJV में मांस हैं एक ऐसा शब्द जो किंग जेम्स के समय में समान्य तौर पर भोजन वस्तुओं के लिए उपयोग किया जाता था। [28]बाऊर, 103. [29]मरकुस 7:19 में प्रेरित "सम्पादकीय नोट" की तुलना करें। [30]बाऊर, 639; वाइन, अनगर, एण्ड वाइट, 510, 512.

[31]वाइन, अनगर, एण्ड वाइट, 346-47. "ज्ञान" 2:4 में प्रकट होता है। [32]बाऊर, 369. [33]"सत्य" का वर्णन 2:4 में किया गया है। [34]बाऊर, 572-73; वाइन, अनगर, एण्ड वाइट, 137. [35]"अस्वीकृत" ἀπόβλητος *(अपोब्लेतोस)* से, एक संयुक्त शब्द जो ἀπό (*अपो,* "से, दूर") को βάλλω (*बल्लों,* 'फेंकना") से जोड़ता है। (बाऊर, 107; वाइन, अनगर, एण्ड वाइट, 519.) [36]उदाहरण के तौर पर, ऐसे लोग हैं जो इस बात पर जोर देते हैं कि शरीर में जो कुछ भी लिया जा सकता है वह "अच्छा" है और "अस्वीकार करने" नहीं करना चाहिए - अवैध नशों सहित (वे विष पीने के संबंध में यह तर्क नहीं देते) एक और उदाहरण पापपूर्ण जीवन शैली है: "परमेश्वर ने मुझे बनाया," कुछ कहते हैं, "और मैं ऐसा ही हूँ। तो यह इस तरह होना अच्छी बात होनी चाहिए।" [37]बाऊर, 9-10. [38]मूल शब्द में "परमेश्वर के वचन" से पहले कोई निश्चित अनुच्छेद नहीं है। यूनानी शब्द का अनुवाद "परमेश्वर का वचन" में भी किया जा सकता है। [39]हमने पहले 2:1 में, एन्तयूक्सिस का सामना किया है। वहाँ इसका एक विशिष्ट उपयोग था, जिसे "प्रार्थना" के लिए दूसरे शब्दों से अलग किया गया था। यहां, इसका सामान्य उपयोग है। [40]बाऊर, 339-40.

[41]कुछ प्राचीन लेखकों का मानना था कि, 4:5 में, पौलुस भोजन से पहले पवित्रशास्त्र के पढ़े जाने को प्रोत्साहित कर रहा था और शायद भोजन के लिए प्रार्थना में पवित्रशास्त्र को सम्मिलित करने को भी प्रोत्साहित कर रहा था। [42]वॉरेन डब्ल्यू. विर्स्बी, *द बाइबल एक्सपोज़िशन कमेंट्री:* न्यू टेस्टामेंट, वॉल्यूम 2 (व्हीटन, इलिनोई: विक्टर बुक्स, 1989), 225. [43]वर्षों पहले, कुछ लोगों ने सिखाया कि एक प्रचारक का पुर्नियों वाली मण्डली में प्रचार करना वचन के अनुसार नहीं है और एक प्रचारक को "सेवक" करके संबोधित करना भी वचन के अनुसार नहीं है। पहला तीमुथियुस 4:6 इन दोनों विचारों का खण्डन करता है। [44]मसीह का "एक अच्छा सेवक" होने के लिए, तीमुथियुस को झूठे उपदेशकों को परास्त नहीं करना था या अपने श्रोताओं को निरूत्तर नहीं करना

था, बल्कि उसको झूठे उपदेशों का खुलासा करना था। [45]वाइन, अनगर, एण्ड व्हाइट, 357-58; बाऊर, 1042. [46]NASB कभी-कभी इस शब्द का अनुवाद *डियाकोनोस* करता है (उदाहरण, इफि. 6:21)। [47]"विश्वास" यीशु में विश्वास करने की उपदेश पर केन्द्रित है। [48]"वचनों" यूनानी शब्द् λόγος *(लोगोस)* का बहुवचन रूप है। [49]देखें मत्ती 4:4; 1 कुरिं. 3:2; इब्रा. 5:12-14. [50]देखें 1 तीमु. 1:10.

[51]वाइन, अनगर, और व्हाइट, 435-36; बाऊर, 341. [52]देखें 1 तीमुथियुस 4:6; CJB; तुलना करें यिर्म. 15:16; प्रका. 10:9. [53]वाइन, अनगर, और व्हाइट, 244; बाऊर, 767. [54]"अलग रहना" παραιτέομαι *(पाराइटेओमाई)* से उधृत है। देखें तीतुस 3:10. [55]1:4 में इसका अनुवाद "कहानियों" किया गया है। [56]1:9 में इस शब्द का अनुवाद "अशुद्ध" अनुवाद किया गया है। [57]बाऊर, 173. [58]वाइन, अनगर, और व्हाइट, 490. [59]उपरोक्त, 445. [60]बूढ़ी औरतों का पौलुस सम्मान करते थे (देखें 5:2, 3)।

[61]इस आदेश की तुलना 1:4 में पौलुस के दिए गए निर्देश से कर सकते हैं। [62]देखें रोमियों 9:16; 1 कुरिं. 9:24-27; गला. 2:2; 5:7; फिलि. 2:16; 3:12-14; 2 तीमु. 2:5; 4:7, 8. [63]वाइन, अनगर, एण्ड व्हाइट, 216; बाऊर, 208. [64]बाऊर, 412. देखें 2:2. [65]वाल्टर डब्ल्यू. वेसेल और जॉर्ज डब्ल्यु. नाइट III, नोट्स आन 1 एण्ड 2 तीमोथी, *The NIV स्टडी बाइबल,* संपादक केन्नेथ बार्कर (ग्रैंड रैपिड्स, मिशीगनः जॉडरवैन पब्लिशिंग हाउस, 1985), 1837. [66]तीतुस 3:8 कहता है भले काम लाभदायक (ὠφέλιμος, *ओफेलीमोस)* हैं। [67]"आने वाले जीवन [ζωή, *जोए]* के बारे में" देखें 2 तीमु. 1:10. [68]डोनॉल्ड गथरी, *द पास्टोरल इपिस्टल्स,* संशोधित संस्करण, द टिंडेल न्यू टेस्टामेंट कमेंट्रीज (ग्रैंड रैपिड्स, मिशीगनः विलियम बी. एर्डमैंस पब्लिशिंग कम्पनी, 1990), 107. [69]पौलुस का प्रेरणदायक पत्री का भाग होने के कारण, दोनों आयतें 8 और 10 "विश्वासयोग्य" हैं और इन्हें "पूर्णतया स्वीकार किया जाना चाहिए।" [70]"क्योंकि" γάρ *(गार)* का अनुवाद है, जो आमतौर पर किसी भी विष्लेषण का परिचय कराता है।

[71]"हम" पौलुस एवं अन्य लोग हो सकते हैं जो परमेश्वर की सेवा के प्रति गम्भीर हैं, या पौलुस संपादकीय "हम" स्वयं को संबोधित करने के लिए प्रयोग कर रहा होगा। [72]बाऊर, 558. [73]उपरोक्त, 319. [74]वाइन, अनगर, एण्ड व्हाइट, 311-12. [75]वाक्यांश "जीवते परमेश्वर" 3:15 में भी प्रयोग किया गया है। [76]देखें 1:1; 2:3. [77]बाऊर, 982. [78]टी. सी. स्कीयट, "'एस्पेशियली द पार्चमेंट्सः ए नोट आन 2 तीमु. 4.13," *जॉरनल आफ थियोलॉजिकल स्टडीज* n.s. 30, no. 1 (अप्रैल 1979): 173-77. [79]जे. डब्ल्यु. रॉबर्ट्स, लेटर्स टू तीमोथी, द लिविंग वर्ड (आस्टिन, टेक्ससः आर. बी. स्वीट कम्पनी, 1964), 50. [80]वेस्सेल एण्ड नाइट, 1840.

[81]यह 4:1-5 में लागू होता है और विशेषकर जो दूसरे अनुच्छेदों पर निर्दिष्ट किया गया है (देखें 2 तीमु. 2:18)। [82]इस विचार को व्यक्त करने का वचन का दूसरा तरीका यह है कि उन्होंने "मनों को कठोर कर लिया है" (देखें इब्रा. 3:12-15)। [83]ई. ए. जज, मैक्यूरी यूनिवर्सिटी, ग्रेटर सिडनी, आस्ट्रेलिया में प्रवक्ता थे (उनके एक विद्यार्थी डेल हार्टमैन, ने फरवरी 23, 2014 में उल्लेख किया है)। [84]देखें मत्ती 20:26; रोमियों 12:6-8, 11; गला. 5:13; 1 पतरस 4:10, 11. [85]स्टॉट, 117. [86]यह उद्धहरण वीयर्सबी 225 से उधृत है। [87]ब्रूस बी. बार्टन, डेविड आर. वीरमैन, और नील विल्सन, *1 तीमुथियुस, 2 तीमुथियुस, तीतुस,* लाइफ अप्लीकेशन बाइबल कमेंट्री (व्हीटन, इलनॉयसः टिंडेल हाऊस पब्लिशर्स, 1993), 83.